हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

4 भाठागांव में जल जीवन मिशन की हुई जांच, हितग्राही के घर पहुंचे कलेक्टर





## खबर संक्षेप

### गोपाल बने जिला पंचायत विधायक प्रतिनिधि

**सरसीवा।** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक कविता लहरे ने जिला पंचायत सारंगढ़-बिलाईगढ़ में अपने अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ, अनुभवी और संगठनात्मक दृष्टि से प्रभावशाली चेहरे गोपाल पाण्डेय की नियुक्ति की है। यह नियुक्ति न केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता है, बल्कि इसे सत्ता-संगठन समन्वय की एक सुनियोजित रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। बिलाईगढ़ विधायक द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि नगर सरसीवा निवासी श्री पाण्डेय अब जिला पंचायत की नीतिगत बैठकों, विकास योजनाओं की समीक्षा, क्रियान्वयन की निगरानी तथा जनहित से जुड़े विविध मुद्दों पर विधायक के प्रतिनिधि के रूप में अपनी सक्रिय और निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इस कदम से विकास कार्यों और प्रशासनिक जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ करने का संकेत मिलता है। राजनीतिक क्षेत्र में गोपाल पाण्डेय की पहचान एक ऐसे कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में रही है, जिन्होंने संगठन के हर स्तर पर अपनी सक्रिय उपस्थिति और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय दिया है।



### सेना भर्ती के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ी

**रायगढ़।** सेना में भर्ती के इच्छुक युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हुए सेना भर्ती कार्यालयए रायपुर द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पूर्व में यह प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक निर्धारित थीए जिसे अब बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जारी अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थी अब विस्तारित अवधि में आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी के विभिन्न पदों अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक स्टोर कीपर ट्रेडमैन दसवीं एवं आठवीं तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार शिक्षा एवं धर्म शिक्षक के पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित योग्यता के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है तथा चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाएगा।

### घर घुसकर मारपीट मामले में महिला समेत 10 गिरफ्तार

**अकलतरा।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में महिला समेत 10 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम रोगदा की है। इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मार्च 2026 की रात्रि करीब 8:15 बजे आरोपीगण प्रार्थी प्रकाश नोरगे के घर में घुस गए और गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। मुख्य आरोपी विनोद कुमार नोरगे ने लाठी से प्रार्थी के सिर, हाथ और पैरों पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान प्रार्थी की पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रार्थी के पुत्र अभिषेक, सुमित और अमित पर भी आरोपियों ने लाठियों से हमला कर दिया। आरोपियों द्वारा प्रार्थी की बेटी को घसीटकर घर से बाहर निकालने की भी घटना सामने आई है, जिससे पूरे परिवार में दहशत का माहौल बन गया। थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान घटना में प्रयुक्त लाठी और बेल्ट को जब्त किया गया तथा गवाहों के बयान दर्ज कर स्थल निरीक्षण किया गया।

# अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए सभी समाजों का सहयोग आवश्यक**





बुधवार को सीएम विष्णु देव साय रायगढ़ के बाबा प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा आयोजित उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वन्दे उत्कल जननी के मधुर गायन के साथ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि वे यहां अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की जनता ने उन्हें 20 वर्षों तक सांसद के रूप में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है और वही स्नेह उन्हें आज भी मिल रहा है। सीएम ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे बीच रोटी-बेटी का अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि जशपुर के कुनकुरी से लेकर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों तक बड़ी संख्या में लोग उड़िया बोलते हैं। देवभोग गरियाबंद में आज भी महाप्रसाद के रूप में भात मिलता है और छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में रथ यात्रा का आयोजन होता है, यह रिश्ता सदियों पुराना है। उन्होंने रायपुर में निर्मित भव्य जगन्नाथ मंदिर का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने समाज की बहुप्रतीक्षित पत्रिका सुविधा का विमोचन किया, जिसमें समाज के रीति-रिवाज, उपलब्धियां और संपर्क नंबर संकलित हैं। समाज की मांग पर उन्होंने जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा मंदिर जीर्णोद्धार और अन्य मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। शासन की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई हैए जिनमें से 8 लाख आवास रिकॉर्ड समय में पूर्ण किए गए हैं। 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है और 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, जिससे प्रदेश खुशहाली की ओर बढ़ रहा है।

### नक्सलवाद का खात्मा सरकार के लिए था बड़ा चैलेंज

सीएम विष्णु देव साय बुधवार को रायगढ़ प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नक्सलवाद के खात्मे की दृष्टि से 31 मार्च का दिन ऐतिहासिक दिन था। देश के पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने डेडलाइन घोषित की थी कि 31 मार्च तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा करना है। उनकी मंशानुरूप जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया और छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त हुआ है। समूचा छत्तीसगढ़ इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभारी है। छत्तीसगढ़ की 6 करोड़ जनता की ओर से भी वे पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर एरिया वाइस केरल से भी बड़ा है, प्राकृतिक दृष्टिकोण से भी बेहद सुंदर है। वहां के लोग नक्सलवाद की वजह से पिछले 4 दशकों से विकास की मुख्य धारा से अछूते थे। सड़क बिजली पानी राशन कुछ भी व्यवस्था वहां नहीं थी। नक्सलवाद के खात्मे के बाद जो क्षेत्र 4 दशकों से विकास से अछूता था वहां विकास पहुंचाएंगे। सीएम ने कहा कि नक्सलवाद का खात्मा सरकार के लिए बहुत बड़ा चैलेंज था, लोगों को लगता नहीं था कि कभी इस समस्या का समाधान होगा, डबल इंजन की सरकार में जवानों के अदम्य साहस से यह संभव हो सका। सीएम ने कहा कि जनता भली भांति जानती है कि इसका श्रेय लेने का वास्तविक हकदार कौन है।

## बीते साल बढ़ी थी मजदूरी दर 18 रुपए, जिसे की गई थी 261 रुपए

# पहली बार मनरेगा की नहीं बढ़ी मजदूरी, डेढ़ लाख को पुरानी दर पर ही करना होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**कारण किसी को पता नहीं, अधिकारी कह रहे करना होगा इंतजार**

पहली बार मनरेगा की मजदूरी दर नहीं बढ़ी है। याने जिले के करीब डेढ़ लाख मजदूरों को पुराने दर पर ही काम करना पड़ेगा। हर साल मार्च आखिरी तक मनरेगा की मजदूरी दर बढ़ा दी जाती थी, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि मजदूरी दर बढ़ने का कोई आदेश 01 अप्रैल तक जिला पंचायत में आया नहीं था। ऐसे में माना जा रहा है कि इस साल मजदूरी दर नहीं बढ़ेगी। बीते साल 18 रुपए का इजाफा मजदूरी दर में किया गया था। मजदूरी नहीं बढ़ने का कारण कोई अधिकारी बता भी नहीं पा रहा है। जो भी हो मनरेगा के मजदूरों को पुराने दर 261 रुपए में ही काम करना पड़ेगा।

जानकारी के अनुसार हर साल 10-15 मार्च तक मनरेगा मजदूरी दर बढ़ने का राजपत्र में प्रकाशित होता था। इसके बाद 30-31 मार्च तक मनरेगा के मजदूरी दर में इजाफा का आदेश जिला पंचायतों में आ जाता था। इस साल अब तक आदेश नहीं आया है। इसलिए कयास लगाया जा रहा है कि इस साल मजदूरी दर में संशोधन नहीं किया जाएगा। हालांकि एक दो महीने बाद भी मजदूरी दर बढ़ाने की बात कही जा रही है। जिले में करीब डेढ़ लाख के आसपास मजदूर मनरेगा में पंजीकृत हैं। इसमें से हर दिन 40-50 हजार लोग काम करते हैं। चूंकि हर ब्लॉक के हर गांव में काम चलता है ऐसा नहीं है, कुछ गांवों में चलता है कुछ में नहीं। इसके कारण एक आंकलन के हिसाब से हर दिन 40-50 हजार मजदूरों के काम करने की बात कही जाती है। मजदूरों को मार्च महीने में उम्मीद रहती है कि उनका मजदूरी दर बढ़ेगा। इस साल उनकी यह उम्मीद टूट गई है।

**2013-14 से 2025 तक ऐसे बढ़ी मनरेगा की मजदूरी**

| साल | मजदूरी | इजाफा |
|---|---|---|
| 2013-14 | 146 | 00 |
| 2014-15 | 157 | 11 |
| 2015-16 | 159 | 02 |
| 2016-17 | 167 | 08 |
| 2017-18 | 172 | 05 |
| 2018-19 | 174 | 02 |
| 2019-20 | 176 | 02 |
| 2020-21 | 190 | 14 |
| 2021-22 | 193 | 03 |
| 2022-23 | 204 | 11 |
| 2023-24 | 221 | 17 |
| 2024-25 | 243 | 22 |
| 2025-26 | 261 | 18 |
| 2026-27 | 00 | 00 |

### महंगाई से नहीं मिलेगी राहत

दूसरी ओर महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। मजदूरी दर बढ़ती है तो मजदूरों को महंगाई से कुछ राहत मिल जाती है। इस साल महंगाई से कोई राहत मिलने वाली नहीं है। जानकारी मिली है कि मनरेगा का नाम बदलने की वजह से इस साल मजदूरी दर में इजाफा नहीं किया गया है। दो महीने के बाद बदले हुए नाम के साथ इसकी लॉचिंग होगी। तब हो सकता है मजदूरी दर में इजाफा हो जाए। यदि बढ़ा तो मजदूरों को कुछ राहत मिल सकती है। नहीं तो पुराने दर पर ही काम करना पड़ेगा।

### पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी पर दर्ज होगी एफआईआर

**सक्ती ।** पेट्रोल-डीजल एवं गैस की कालाबाजारी एवं जमाखोरी करने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। बगैर लायसेंस 100 किलोग्राम से अधिक गैस भंडारण पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। ज्ञात हो कि पेट्रोल, डीजल एवं गैस की कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने को लेकर सक्ती कलेक्टर ने सख्त कदम उठाया है। इस तरह का मामला सामने आने पर उन्होंने संबंधितों को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है और आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की जाएगी। ईंधन का उपयोग जिम्मेदारी और बचत के साथ करें तथा अनावश्यक रूप से स्टॉक न करें। साथ ही वैकल्पिक साधनों का भी उपयोग करने की सलाह दी गई है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर सुविधा मिल सके। प्रशासन ने यह भी बताया कि एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति पूर्व की तरह सुचारू रूप से जारी है।

## युवती से दो युवक करने लगे छेड़खानी, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



राशन सामान लेने के लिए किराने की दुकान पर रुकी एक युवती से छेड़खानी करने वाले आरोपी को महिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित युवती रायगढ़ में किराए के मकान में रहकर सेल्स गर्ल का काम करती है। वह 29 मार्च को महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि 26 फरवरी की रात ड्यूटी के बाद अपने परिचित के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रही थी। रास्ते में देवांगन धर्मशाला के पास रात लगभग 10 बजे राशन लेने के लिए रुकी। तभी बाटली खान अपने साथी प्रशांत सोनी के साथ आया और युवती को घूरते हुए बुरी नीयत से छेड़छाड़ की। आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। 29 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस टीम ने आरोपी प्रशांत सोनी 24 निवासी चांदनी चौक को उसके घर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी बाटली खान के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी को 30 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया है। मामले में दूसरा आरोपी बाटली खान अभी फरार है, जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है और शीघ्र गिरफ्तारी की संभावना है।

### 234 पशुओं को लगाया गया टीका

**बहेराडीह।** पशुओं में तेजी से फैलने वाले खुरहा चपका बीमारी से बचाव के लिए इन दिनों टीका लगाया जा रहा है। चिकित्सक गांवों में पहुंचकर मवेशियों को टीका लगा रहे है। अब तक 234 पशुओं को टीका लगाया जा चुका है। मवेशियों में खुरहा चपका रोग संक्रामक बीमारी है, जो गाय, भैस, बकरी, भेड़ और सूअर जैसे पशुओं में तेजी से फैलती है। इसके रोकथाम के लिए बहेराडीह गांव में बिहान के पशु सखी पुष्पा यादव, कृषि सखी शशि कर्ष व पशुपालको के सहयोग से पशुधन विकास विभाग के पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ जी डी महिलांगे और उनके सहयोगी रामू भैना, सुनील सोनन्त, गौ सेवक किष्णो कश्यप व अन्य टीम मिलकर 234 मवेशियों को घर घर जाकर टीका लगाया।

## अब ग्रामीण अंचल के लोगों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, मिली संजीवनी की 11 एंबुलेंस



**रायगढ़।** बुधवार को 108 संजीवनी एक्सप्रेस के अंतर्गत 11 नवीन एडवांस लाइफ सपोर्ट एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस दौरान महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में 108 संजीवनी एक्सप्रेस के तहत 11 नई एम्बुलेंस सेवाओं का शुभारंभ किया गया है, जिससे जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। कलेक्टर ने कहा कि नई एम्बुलेंस सेवाओं के माध्यम से विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इन एम्बुलेंस के माध्यम से गंभीर मरीजों को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगीए जिससे जीवन रक्षा की संभावनाएं बढ़ेंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि आज रवाना की गई 11 एम्बुलेंस की तैनाती जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में की जाएगी, जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा, जिला अस्पताल केजीएच.1 रायगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार, जिला अस्पताल केजीएच.2 रायगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कापू, सिविल अस्पताल खरसिया, सिविल अस्पताल धरमजयगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा तथा आईएफटी जिला अस्पताल रायगढ़ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के लिए एक नई एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस भी प्रस्तावित की गई है। इन एम्बुलेंस में आधुनिक जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध रहेंगे तथा प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ के माध्यम से मरीजों को प्राथमिक उपचार से लेकर उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों तक सुरक्षित पहुंचाने की सुविधा मिलेगी। इस पहल से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, सीसी सड़क निर्माण में आ रही थी बाधा, प्रशासन ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



नगर पंचायत सरसीवा में विकास कार्यों के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता एक बार फिर स्पष्ट हुई, जब पेंड्रावन रोड से गौठान पहुंच मार्ग पर प्रस्तावित सीसी रोड निर्माण स्थल से शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को सख्ती के साथ हटाया गया। यह कार्रवाई न केवल कानून व्यवस्था की दृढ़ता को दर्शाती हैए बल्कि क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी मानी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन ने योजनाब तरीके से कार्रवाई करते हुए एक खाली मकानए एक रिक्त भूमि तथा सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल से सटी अवैध रूप से निर्मित बाउंड्रीवाल को हटाकर शासकीय भूमि को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विरोध या अव्यवस्था सामने नहीं आई जिससे प्रशासनिक टीम की सतर्कता और समन्वय की सराहना की जा रही है। इस अभियान का नेतृत्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी राकेश कुमार साहू एवं उपाभियंता सत्यप्रकाश मधुकर ने किया। उनके मार्गदर्शन में नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि सोमेश बंजारे सहित नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस प्रशासन तथा आमजन की उपस्थिति में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। अतिक्रमण हटते ही स्थल को पूरी तरह खाली कर लिया गया है, जिससे अब सीसी रोड निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना है। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की दैनिक सुविधाओं में भी उल्लेखनीय सुधार लाएगा।

## दो महिलाओं सहित 5 सटोरिए गिरफ्तार मोबाइल और नकद 19 हजार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



खरसिया और कोतवाली पुलिस ने अलग- अलग स्थानों पर दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 4 मोबाइल फोन समेत नगदी रकम जब्त कर सभी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

टीआई त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में कान्हा मोबाइल दुकान के पास रेड कार्रवाई की गई। यहां आरोपी मनोज सोनी 50 निवासी खरसिया को मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित करते रंगे हाथों पकड़ा गया। मोबाइल जांच में सट्टा अंकों और रकम से संबंधित विवरण पाए गए। आरोपी के कब्जे से मोबाइल एवं 12 हजार 700 नकद जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने बीड़पारा और बापूनगर में सट्टा लिखने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने जयसिंह तालाब के पास हलिमा खातून 60 को सट्टा लिखते पकड़ा गया है। बापूनगर से मुकेश सोना 35 को मोबाइल और 1 हजार नकद के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार बीड़पारा क्षेत्र से रजिया बेगम 55 को सट्टा के साथ 3 हजार नकद के साथ पकड़ा गया। बापूनगर में अन्य कार्रवाई में आरोपी नरेन्द्र दीप पिता सूरजबल दीप 39 को सट्टा गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 25 मोबाईल, नकदी रकम 2 हजार रुपए जब्त किया गया है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की सुसंगत धाराएं 3, 4 और 6 के तहत अलग.अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### सेना भर्ती पंजीकरण की तिथि बढ़ी

**जशपुरनगर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले यह प्रक्रिया 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इससे इच्छुक एवं योग्य युवाओं को आवेदन के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां उम्मीदवार विभिन्न पदों की पात्रता के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी में अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक व स्टोर कीपर, ट्रेडमैन (दसवीं), ट्रेड्समैन (आठवीं) तथा अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) के पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार (सेना शिक्षा) एवं धर्म शिक्षक के पदों के लिए भी पंजीकरण किया जा रहा है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है और केवल योग्यता के आधार पर ही अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है। उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार के दलाल या बिचौलियों से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवती की गई जान

**रजपुरीकला।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम मुनगा खरसुरा निवासी महेश्वरी आ. सुखल राम कंवर (21 वर्ष) अपने दो साथियों के साथ खरीदारी करने बाइक से आई थी। शाम को युवती रजपुरी कला की ओर से लखनपुर की जा रही थी तभी एनएच 130 पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवती के सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके साथियों का मामूली चोटें आई। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच लाश को स्थानीय अस्पताल मे मरच्यूरी कक्ष रखवा दिया है। साथ ही घटना कारित वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### चाभी नहीं देने पर मां-बेटे पर जानलेवा हमला, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** रामानुजगंज थाना अंतर्गत ग्राम कनकपुर निवासी राजकुमार रवि ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 26 मार्च की दोपहर मां शांति देवी मकान के अहाता में दरवाजा लगवा रही थी। इसी दौरान संजय राम शराब के नशे में धुत्त होकर पहुंचा और शांति देवी से घर के चाभी मांगा जब शांति देवी ने मना किया तो संजय ने भाई संजीत व पत्नी संगीता के साथ मिलकर साबर, टांगी से शांति देवी पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना को देख जब पुत्र बीच बचाव करने लगा तो उसके साथ भी मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 117(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### हैंडपंप चलाने को लेकर मामूली विवाद में टांगी से वारकर हत्या

**अम्बिकापुर।** हैंडपंप चलाने को लेकर हुए मामूली विवाद में ग्रामीण ने अपने ही साथी की टांगी से वारकर हत्या कर दी। आरोपी ने टांगी से साथी के पैर पर वार किया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लुंड्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करेसर पहाड़पारा हाल मुकाम पटोरा जोबलापारा निवासी रामसाय दीवान ने 29 मार्च को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने रिश्ते के भाई संजय के कहने पर बुधसाय के घर संजय को छोड़ने गया था। इस दौरान बुधसाय के घर पहुंचने के बाद बुधसाय और राकेश के कहने पर रामसाय दोनों को बिठाकर बस्ती की तरफ जा रह था। बाइक चलाते समय रास्ते में रामसाय की आंख में मक्खी घुस गई थी जिसके बाद वह गाड़ी रोककर सड़क किनारे मौजूद हैंडपंप के पास आंख धोने गया था। आंख धोने के दौरान बुधसाय हैंडपंप चला रहा था। जब रामसाय ने अपने आंख धो लिए तो राकेश ने भी पानी पीने के लिए बुधसाय को हैंडपंप को चलाने के लिए बोला जिसकार बुधसाय ने गाली गलौज शुरू कर दी।

### जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों ने दिखाई हरी झंडी

# जिले को मिली 23 संजीवनी 108 एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 31 मार्च को 300 बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं 70 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट संजीवनी एक्सप्रेस 108 एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के सभी जिलों के लिए रवाना किया था।

इनमें से जशपुर जिले को कुल 23 एम्बुलेंस सेवाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें 3 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट तथा 20 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं। यह पहल जिले में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसी क्रम में आज रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर इन एम्बुलेंस को रवाना किया। इस अवसर मुख्य अतिथि सालिक साय ने कहा कि इन एम्बुलेंसों की उपलब्धता से गंभीर एवं आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा तथा उन्हें त्वरित रूप से नजदीकी स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने में सुविधा होगी, जिससे जिले की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त एवं जनहितकारी बनेंगी।




### मुख्यमंत्री का जताया आभार

जिले के नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में इन एम्बुलेंस सेवाओं के विस्तार से दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को समय पर उपचार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी और निश्चित रूप से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, श्री ओमप्रकाश सिन्हा, मुकेश सोनी, नागेन्द्र भगत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा, जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.वीके इंदवार, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.अरविंद रात्रे, डीपीएम राजीव रंजन मिश्रा, जिला लेखा प्रबंधक योगेन्द्र पाल सिंह, जिला परियोजना समन्वयक शिशिर सिंह परमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### मिलेगी त्वरित चिकित्सा सेवा

एम्बुलेंस में मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक एवं उन्नत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाओं के साथ ऑक्सीजन सपोर्ट, नेबुलाइजेशन एवं अन्य आपातकालीन उपचार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गंभीर मरीजों के सुरक्षित स्थानांतरण हेतु पोर्टेबल वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर मॉनिटर, सिरिंज पंप, लैरिंजो स्कोप सहित अन्य उन्नत उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं। यह समग्र पहल प्रदेश के शहरी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ, त्वरित एवं प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए नागरिकों के लिए एक मजबूत जीवन रक्षक तंत्र के रूप में स्थापित होगी।

### विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात रहेगी एंबुलेंस

जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंसों की सुव्यवस्थित तैनाती की गई है। एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सन्ना, आईएफटी जिला चिकित्सालय जशपुर एवं आईएफटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी में उपलब्ध रहेंगी, जहां गंभीर मरीजों को उन्नत चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा सकेगी।इसी प्रकार बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस पीएचसी बागबहार, पीएचसी कुरोग, सीएचसी लोदाम, जिला चिकित्सालय जशपुर, पीएचसी कोल्हेनझरिया, सीएचसी कुनकुरी, पीएचसी नारायणपुर, सिविल हॉस्पिटल पत्थलगांव, पीएचसी कोतबा, पीएचसी करडेगा, सीएचसी मनोरा, पीएचसी बगिया, सीएचसी फरसाबहार, सीएचसी दुलदुला, सीएचसी कांसाबेल, आईएफटी जशपुर, सीएचसी बगीचा, पीएचसी सुरंगपानी, पीएचसी तपकरा एवं पीएचसी पंडरापाठ में तैनात रहेंगी।

## कुनकुरी पंचायत के विकास कार्य के लिए 2 करोड़ की मिली मंजूरी

**जशपुरनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नगर पंचायत कुनकुरी के विकास के लिए 2 करोड़ 44 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से नगर के विभिन्न वार्डों में बीटी रोड सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य कराए जाएंगे।



नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 में आद्या शंकर त्रिपाठी घर से एसएलआरएम सेंटर तक बीटी रोड निर्माण कार्य के लिए 27 लाख 57 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक 01 में मंगल भवन से गिनाबहार मार्ग सीमा तक बीटी रोड निर्माण कार्य के लिए 33 लाख 99 हजार, वार्ड क्रमांक 02 में लोयोला स्कूल से लाजरूस मिंज घर तक बीटी रोड निर्माण कार्य हेतु 19 लाख 68 हजार, वार्ड क्रमांक 05 में विफ़ल चौहान घर से सामुदायिक भवन तक बीटी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 36 हजार,वार्ड क्रमांक 06 में मिनी गार्डन से जामटोली प्राथमिक शाला तक बीटी रोड निर्माण कार्य के लिए 13 लाख 21 हजार, वार्ड क्रमांक 07 में सी.एस.ई बी. कार्यालय कुनकुरी से लंबीटोली तक बीटी रोड निर्माण कार्य हेतु 17 लाख 34 हजार, वार्ड क्रमांक 08 में मुख्य मार्ग ईशा नर्सिंग से बीएसएनल कार्यालय तक बीटी रोड निर्माण कार्य हेतु 13 लाख 63 हजार,वार्ड क्रमांक 09 आजाद बस्ती में बीटी रोड निर्माण कार्य हेतु 27 लाख 55 हजार, वार्ड क्रमांक 11 में तपकरा रोड से भागीरथी घर तक बीटी रोड निर्माण कार्य हेतु 7 लाख 61 हजार ,वार्ड क्रमांक 11 में शासकीय क्वार्टर से रफीक घर तक बीटी रोड निर्माण कार्य हेतु 14 लाख हजार,वार्ड क्रमांक 08 में टॉकीज चौक से लंबीटोली तक बीटी रोड निर्माण कार्य हेतु 28 लाख 37 हजार, वार्ड क्रमांक 15 में महिमा स्कूल से बैहराटोली तक बीटी रोड निर्माण कार्य 34 लाख 43 हजार ,इस तरह से कुल 2 करोड़ 44 लाख 94 हजार रूपये की मंजूरी मिली है। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस निर्णय का स्वागत करते हुए उनका आभार जताया है, इस कार्य से नगर के सड़क, आवागमन और बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

### जशपुर में 891 फूड हैंडलर्स को मिला प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला जशपुर द्वारा खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जो देशभर में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को नियंत्रित करने वाली स्वायत्त वैधानिक संस्था है।

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिली 513 करोड़ से अधिक की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक जीवन में बदलाव लाने वाली एक क्रांतिकारी पहल बनकर उभरी है। यह योजना केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में एक मजबूत प्रयास है। ऐसे अनेकों उदाहरण है जिनकी जिंदगी इस योजना के माध्यम से बदली है। महतारी वंदन योजना द्वारा जिले में 2 लाख से अधिक महिलाओं को योजना की शुरूआत मार्च 2024 से मार्च 2026 तक 25 किश्तों के रूप में 512.92 करोड़ राशि प्राप्त हो चुकी है।

यह योजना महिलाओं की आर्थिक निर्भरता की बेड़ी को तोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब महिलाएं अपने छोटे-छोटे फैसले खुद ले पा रही हैं। ऐसे ही सिलाई का काम कर अपना घर चलाने वाली महिलाओं की जिंदगी में महतारी वंदन योजना एक साकारात्मक बदलाव लेकर आई है। इस योजना के माध्यम से प्रति माह मिलने वाले 1000 रूपए और



सिलाई के काम के पैसे जोड़कर वह घर की अच्छी तरह से देख-भाल कर रही है। इसी तरह जशपुर विकास खंड के ग्राम पुरना नगर की श्रीमती अनीमा खलखो राशि का उपयोग अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में खर्च करती है। उन्होंने बताया कि अपने बच्चों के नाम से 500 रुपए पोस्ट आफिस में जमा भी करती हैं। इसी तरह जशपुर विकास खंड के ग्राम देवगुड़ा निवासी प्रमिला प्रजापति ने बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ पौष्टिक भोजन और फल फूल में करती हैं। जशपुर विकास खंड की ग्राम झरगांव निवासी श्रीमती प्यारी मांझी ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना की राशि से महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भर मिल रही है।

## सेवानिवृत्ति के दिन ही प्रधान पाठक पैकरा को मिला पीपीओ

■ बीईओ ने किया सम्मान

**पत्थलगांव।** विकासखंड में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को समय पर पेंशन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में खंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिन्हा के निर्देश पर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को सेवानिवृत्ति से पूर्व ही पीपीओ (पेंशन अदायगी आदेश) उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

इसी क्रम में 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए विकासखंड के वेदराम पैंकरा, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला कोईलारभदरा को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि के दिन ही पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) एवं



आवश्यक दस्तावेज सौंपे गए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य ने उन्हें मिठाई खिलाकर सुखमय एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय स्टॉफ की उपस्थिति में वेदराम पैकरा को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके लंबे शैक्षणिक सेवाकाल और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिन्हा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ एवं आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए जाने की इस व्यवस्था से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

## संत चिन्मयानंद बापू के आगमन पर गूंजा राम नाम



**जशपुरनगर।** बुधवार को संत चिन्मयानंद बापू का कुनकुरी आगमन हुआ, जहां उनका स्वागत अत्यंत भव्य और भावपूर्ण तरीके से किया गया।उनके आगमन पर श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय आयोजन समिति के सदस्यों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने उनका पुष्पगुच्छ व मालाओं से अभिनंदन किया। कुनकुरी नगर में एक बार फिर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। 2 से 8 अप्रैल तक सलियाटोली मिनी स्टेडियम में आयोजित होने जा रहा सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव पूरे क्षेत्र को राममय करने के लिए तैयार है। इस पावन आयोजन में परम पूज्य संत चिन्मयानंद बापू मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन की प्रेरक कथा सुनाएंगे।

## महामंत्र की गूंज से भक्तिमय हुआ तमता

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत तमता में इन दिनों आस्था और भक्ति की अविरल धारा बह रही है। अवसर है प्रतिवर्ष की भांति आयोजित होने वाले 'अखण्ड विष्णु नाम संकीर्तन (अष्ट प्रहरी) महायज्ञ' का, जिससे पूरा ग्रामीणांचल और आसपास का क्षेत्र ३हरे कृष्ण-हरे राम३ के महामंत्र से गुंजायमान हो उठा है।

यज्ञ के मुख्य कर्ता चंद्रमणि यादव, मनीष शर्मा, रोहित वैष्णव ने बताया कि ग्राम की सुख, शांति, समृद्धि और मंगल कामना के उद्देश्य से इस भव्य यज्ञ का आयोजन हर वर्ष बड़े ही धूमधाम से किया जाता है। इस वर्ष भी संपूर्ण ग्रामवासी और अखंड संकीर्तन मंडली के सहयोग से इस धार्मिक अनुष्ठान को पूर्ण किया जा रहा है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मंगलवार (31 मार्च) को कलश यात्रा के साथ हुआ। जगन्नाथ मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप से गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या अंग में महिलाएं, बालिकाएं और पुरुष शामिल हुए।




### इन मार्गों से गुजरी कलश यात्रा

यह यात्रा बाजार पारा, बस्ती पारा और ब्राह्मण पारा होते हुए गांव के मुख्य तालाब पहुंची और तालाब से जल भरकर कलश को यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया, जिसके पश्चात अधिवास का पूजन संपन्न हुआ।

### 24 घंटे का अखंड महामंत्र जाप

बुधवार (1 अप्रैल) की सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। ओडिशा से आए प्रसिद्ध यज्ञाचार्य श्री कृष्ण चंद्र महाराज जी के सानिध्य में महामंत्र ३हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे।। का जाप शुरू हुआ।

## धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के विरोध में ईसाई समाज ने निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ कुनकुरी के बाद मसीही समाज का जशपुर में प्रदर्शन
■ राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 के विरोध में बुधवार को भारत मुक्ति मोर्चा के बैनर तले जशपुर में विशाल रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं, नागरिकों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। रैली के पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन जशपुर तहसीलदार को सौंपा गया।

ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने उक्त विधेयक को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे संविधान के मूल अधिकारों के विपरीत बताया। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले से लागू "मध्य प्रदेश धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम, 1968" के बावजूद प्रस्तावित नया कानून और अधिक कठोर प्रावधानों के साथ लाया गया है, जिससे इसके दुरुपयोग की आशंका बढ़ जाएगी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि विधेयक में सामूहिक धर्मांतरण पर आजीवन कारावास, महिलाओं, नाबालिगों एवं अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग से जुड़े मामलों में 10 से 20 वर्ष तक की सजा, भारी आर्थिक दंड तथा अपराधों को गैर-जमानती बनाए जाने जैसे प्रावधान शामिल हैं। साथ ही सोशल मीडिया एवं डिजिटल माध्यमों को भी इसके दायरे में लाया गया है।

आंदोलन में शामिल होने जिला मुख्यालय के आसपास गांवों से हजारों की संख्या में मसीही समाज के लोग रंजिता स्टेडियम में एकत्रित हुए जहां आ सभा का आयोजन हुआ एवं समाज के प्रमुखों ने अपनी बात रखी। रैली रणजीता स्टेडियम से प्रारंभ होकर ऊपर रोड, अस्पताल मार्ग, महाराजा चौक, बस स्टैंड चौक होते हुए नीचे रोड से डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक तक पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात रैली पुनः रणजीता स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई।

### भाजयुमो जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव के नेतृत्व में आयोजन

# जय स्तंभ चौक पर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने के महायज्ञ में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के सम्मान में आज शाम जशपुर के ऐतिहासिक जय स्तंभ चौक पर एक विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में युवाओं और नागरिकों ने उपस्थित होकर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अटूट




इच्छाशक्ति के साथ-साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व को इस सफलता का मुख्य आधार बताया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और सुरक्षाबलों के अदम्य साहस के कारण ही आज प्रदेश नक्सल मुक्त हुआ है इस कारण छत्तीसगढ़ विकास और शांति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। शाम 6:30 बजे आयोजित इस सभा में शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्वलित किए गए और पूरे वातावरण में देशप्रेम की लहर दिखाई दी। भाजयुमो जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे वीर जवानों का बलिदान ही आज प्रदेश में खुशहाली का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

### शांति के लिए प्रार्थना

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और भारत माता के जयकारों के साथ आकाश गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगरपालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत समेत भारतीय जनता युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन ने नम आंखों से वीर सपूतों को नमन किया और प्रदेश को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के इस अभियान में अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।



# अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style

# कुब्रा
## खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।



## हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।




# तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रैडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



# मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



# मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

## टीवी मसाला



# नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरुनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।

## सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत

**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।' लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।



# 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का' की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



### 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।

### फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का' एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

# रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण' की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण' की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।' लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।





### सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।

### दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

## कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

# अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।*



### आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

### कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

### अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

### दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

## खबर संक्षेप

### 4 अप्रैल से बहेरामार में श्रीमद् भागवत कथा

**कुडेकेला।** छाल तहसील अंतर्गत ग्राम बहेरामार में श्रीकृष्ण चंद्र भगवान एवं राधा रानी की असीम कृपा से 4 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम का शुभारंभ 4 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जिसके पश्चात कथा का विधिवत प्रारंभ होगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। 5 अप्रैल को महाभारत कथा, परीक्षित श्राप एवं सुखदेव के आगमन का प्रसंग, 6 अप्रैल को सती प्रसंग एवं ध्रुव चरित्र, 7 अप्रैल को वामन अवतार, राम अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई जाएगी। इसी क्रम में 8 अप्रैल को बाल लीला, माखन लीला एवं गोवर्धन पूजा, 9 अप्रैल को रासलीला, कबंध प्रसंग एवं रुक्मिणी कृष्ण मंगल विवाह का आयोजन होगा। 10 अप्रैल को अन्य विवाह प्रसंगों के साथ सुदामा चरित्र का वर्णन कर कथा को विश्राम दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन 11 अप्रैल को फूलों की होली, गीता पाठ एवं हवन के साथ इस पावन आयोजन का समापन किया जाएगा। इस आयोजन में व्यास पीठ पर पूज्य रमाकांत महाराज एवं उनके सहयोगी अमित महाराज जी कथा का वाचन करेंगे। समस्त ग्रामवासी बहेरामार इस आयोजन में सक्रिय रूप से सहभागिता निभा रहे हैं।

### चोरों ने 1 ही दिन में 8 बोर के केबल कर दिया पार




**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदात बढ़ गई है। सरकारी राशन दुकानों से राशन सामग्री के बाद खेतों से बोर पंप के केबल चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में बुधवार को पुसौर सोसायटी अध्यक्ष जन जागरण मंच में बोर से चोरी हुए केबल का मामला सामने आया। उन्होंने बताया कि पुसौर के अलग-अलग क्षेत्रों के किसान हरिहर साव, बलराम संवरा, शुकु गुप्ता, जयराम संवरा, जनकराम, पालु गुप्ता, ध्वजाराम संवरा तथा कुछ अन्य किसानों के बोर पंपों का केबल एक ही दिन में चोरी हो गया है। इससे किसानों की परेशानी और दहशत बढ़ गई है। इस चोरी का रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं हुआ है।

### कलेक्टर ने किया ट्रेजरी के वित्तीय रिकॉर्ड चेक

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने ट्रेजरी का निरीक्षण किया। भौतिक सत्यापन 31 मार्च की स्थिति में किया। छग कोषालय संहिता भाग एक के सहायक नियम 39 के अनुसार यह निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें स्टाम्प टिकट, रेवेन्यू टिकट, कोर्ट टिकट आदि स्टाम्प तथा बहुमुल्य वस्तुओं का भौतिक सत्यापन किया गया और लगभग कई वित्तीय रजिस्टर में कलेक्टर ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कोषालय अधिकारी उत्तम तुरकाने, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, तहसीलदार सिन्हा, सहायक कोषालय अधिकारी हरिराम पटेल, सहायक ग्रेड 1 एस के साहू, खजाना प्रभारी उपस्थित थे।

### 2 अप्रैल को इन ग्रामों में होगा राजस्व शिविर

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के दिशा निर्देश पर 2 अप्रैल को राजस्व शिविर सारंगढ़ तहसील के उलखर, पिण्डरी बापा, कौवाताल, धौराभांठा, बरमकेला तहसील के ग्राम कपरतुंगा, तौसीर, लेन्धरा, सेमीकोट, लोधिया, अमेरी, कंठीपाली, दुलोपाली, झाल, सरिया तहसील के ग्राम छुवारीपाली, कंचनपुर, बोंदा, महाराजपुर, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम कैथा, धनसीर, भटगांव तहसील के ग्राम बोड़ा, सिंघीचुंवा, नवापारा, जुनवानी, सलिहाघाट, सरसींवा तहसील के ग्राम पिपरभावना, कोसमकुण्डा, सरधाभाठा, सरसीवा, बिलासपुर, गाताडीह, सोहागपुर, चोरभटठी और कोसीर उप तहसील के ग्राम सिंघनपुर में किया जाएगा, जहां राजस्व कार्य जैसे सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका आदि का निराकरण होगा।

---

### रामभाठा गांव में इंटेकवेल वॉटर प्लांट को 30 मई तक पूरा करने के निर्देश

# भाठागांव में जल जीवन मिशन की हुई जांच, हितग्राही के घर पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

महावीर जयंती पर कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के विभिन्न ग्रामों, रामभाठा, कोसीर, भाठागांव एवं भद्रा का औचक निरीक्षण कर शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत को जाना। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों, जल जीवन मिशन तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना की स्थिति का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने मोटर चालू कर पानी की आपूर्ति जांची। उन्होंने सहनू दास के घर जाकर स्वयं पानी की उपलब्धता की पुष्टि की।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में दूर से पानी लाना पड़ता था, लेकिन अब घर घर पानी पहुंच रहा है। कलेक्टर ने ग्राम सरपंच को नियमित कर वसूली, मोटर खराब होने पर



हितग्राही के घर में नल चालू करते कलेक्टर।

#### आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

ग्राम रामभाठा के आंगनबाड़ी केंद्र में कलेक्टर ने गंभीर कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती माताओं की जानकारी ली। परियोजना अधिकारी ने बताया कि केंद्र को मॉडल आंगनबाड़ी के रूप में विकसित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बच्चों ने पढ़ाई का प्रदर्शन किया, जिसमें बच्ची खुशी ने एबीसीडी और अन्य बच्चों ने पहाड़ा सुनाया। कलेक्टर ने वजन मशीन चेक किया, रेडी टू ईट खाद्य सामग्री की गुणवत्ता तथा किचन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में नल कनेक्शन लगाने का निर्देश दिए है। कोसीर के आंगनबाड़ी केंद्र में 32 बच्चे उपस्थित मिले जो भोजन कर रहे थे। यहां 6 गर्भवती महिलाएं पंजीकृत हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माधुरी कुर्रे द्वारा केंद्र की जानकारी दी गई।

शीघ्र मरम्मत तथा पंप ऑपरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम कोसीर में 16 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन चेकडेम का निरीक्षण किया गया। भाठागांव में निर्माणाधीन इंटेक वॉटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की और 30 मई तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही लेबर बढ़ाने एवं स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता देने को कहा। वहीं ग्राम भद्रा के मिरोनी बैराज में इंटेक निर्माण कार्य की अत्यंत धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने पीएचई विभाग को नोटिस जारी कर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।



## एसडीएम ने जब्त किया 13 ट्रैक्टर और 1 हाइवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

- पीएम आवास निर्माण से जुड़े कोई दस्तावेज पेश नहीं

बिलाईगढ़ एसडीएम प्रफुल्ल रजक ने अपने क्षेत्र में अवैध रूप से खनिज उत्खनन, भंडारण और परिवहन में संलिप्त वाहनों पर चौतरफा कार्यवाही किया है। ग्राम बेलटिकरी में पत्थर के अवैध उत्खनन कर लोड करते हुए कुल 6 ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इन सभी वाहनों को बिलाईगढ़ थाना को अभिरक्षा में दिया गया है। इसी प्रकार सरसीवां के नजदीक पेंड्रावन में रेती का अवैध परिवहन करते कुल 06 ट्रैक्टर्स को जब्त किया गया। जब्ती के दौरान इन वाहनों के पास पीएम आवास या अन्य वैध दस्तावेज नहीं थे। वहीं भटगांव में रेती का अवैध परिवहन करते जब्त वाहनों 1 हाइवा और 1 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना भटगांव को अभिरक्षा में दिया गया। जब्ती के दौरान इन सभी वाहनों के पास पीएम आवास या अन्य कोई वैध दस्तावेज नही थे।

## औघड़ की मड़ई जिगना में 210 मरीजों की जांच और इलाज



**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा रायगढ़ की शाखा औघड़ की मड़ई जिगना में सोमवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 210 मरीजों को लाभ मिला। मरीजों की जांच नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप शर्मा द्वारा की गई। इस शाखा में हर माह तीन नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है।

इस शिविर में 178 मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। वही 71 मरीजों को नेत्र रोग सम्बन्धित ड्राप दिया गया। जांच के दौरान 13 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले। जिन्हें चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 68 मरीजों के चश्मा प्रधान कार्यालय अघोर गुरू पीठ ब्रह्मनिष्ठालय बनोरा भेजा गया है जिन्हें मरीजों के जांच अनुसार बना कर अगले नेत्र शिविर में वितरित किया जाएगा। विदित हो कि पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के निर्देशन में अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र औघड़ की मड़ई जिगना में प्रत्येक माह के 10, 20 और 30 तारीख को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन होता है। जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाली जनता को मिलता है। वहीं अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र अघोर आश्रम डभरा में भी आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 12 मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया।

### महिलाओं की शिकायतों के निराकरण में सहायक होगा महिला थाना

**जांजगीर-चांपा ।** महिलाओं पर घटित अपराध में त्वरित कार्रवाई के लिए जिले में महिला थाना मंगलवार को खोला गया। आईजी ने महिला थाना का उद्घाटन किया। बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने जांजगीर प्रवास के दौरान सायबर अपराधों की जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस बीच डिजीटल साक्ष्यों के सुरक्षित रख रखाव को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किए। जिले में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार 31 मार्च को बिलासपुर रेंज के महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने जांजगीर में महिला थाना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला थाना ना केवल महिलाओं के शिकायतों का तुरंत निराकरण में सहायक होगी, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और विश्वासपात्र वातावरण भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि संचार साथी मोबाइल एप के संबंध में विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा "संचार साथी" मोबाइल एप एवं पोर्टल शुरू किया गया है।

## बालपुर में 15 साल से जमे सचिव के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश, हटाने की मांग

**चंद्रपुर।** नगर से महज 8 किमी दूरी पर स्थित चंद्रपुर तहसील एवं जनपद पंचायत डभरा के ग्राम पंचायत बालपुर में पदस्थ सचिव लखपति सिदार के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। हालात यह है कि अब ग्रामीण इसका विरोध करने लगे हैं और हटाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों के हित में आरटीआई कार्यकर्ता सुनील कुमार बर्मन ने डभरा जनपद सीईओ को लिखित शिकायत किया है और सचिव को स्थानांतरित करने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार करीब 15 वर्षों से एक ही पंचायत में जमे सचिव पर ग्रामीणों ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सचिव पंचायत को अपनी निजी जागीर बना रखा है और शासन - प्रशासन के नियम कायदों को ताक में रखकर मनमानी कर हा है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव की कार्यशैली पूरी तरह बेलगाम हो चुकी है। पंचायत कार्यालय में उनकी मौजूदगी महज दिखावा बनकर रह गई है, ज्यादातर समय दफ्तर खाली पड़ा रहता है और आम जनता अपने काम के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। स्थिति इतनी बदतर हो




चुकी है कि सचिव से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करना भी आसान नहीं है। बार बार फोन लगाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिलता, जिससे लोगों में आक्रोश के साथ साथ गहरी नाराजगी पनपती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव ने अपने पद की जिम्मेदारियों से पूरी तरह किनारा कर लिया है और सिर्फ अपनी सुविधा और मनमर्जी के हिसाब से काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं पूर्व में भी सचिव पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लग चुके हैं, लेकिन कार्रवाई के अभाव में उनके हौसले बुलंद हो गए हैं। लंबे समय से एक ही जगह जमे रहने का नतीजा यह है कि पंचायत में पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो चुकी है और आम जनता की समस्याएं फाइलों में दबकर रह जाती हैं। अब ग्रामीणों ने चेतावनी दे दी है और कहा है कि जल्द ही सचिव को नहीं हटाया गया और उनके पूरे कार्यकाल की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो आंदोलन करने मजबूर होना पड़ेगा।

> सचिव पिछले कई वर्षों से अपनी मनमानी चला रहे हैं। ना समय पर पंचायत आते हैं ना लोगों का काम करते हैं। हमें छोटे-छोटे काम के लिए कई दिन भटकना पड़ता है। अब अगर इन्हें नहीं हटाया गया तो हम आंदोलन करने को मजबूर होंगे।
>
> **विद्याधर सिदार ग्रामीण**
>
> वृद्धा पेंशन की राशि और जन्म -मृत्यु के पंजीयन के लिए भटकना पड़ता है। मुझे पीएम आवास की मजदूरी भी नहीं मिला है।
>
> **घासीदास मानिकपुरी ग्रामीण**

## ओपी जिंदल स्कूल तराईमाल में श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूर्व ऊर्जा मंत्री ओपी जिंदल बाबूजी की पुण्यतिथि अगाध श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नलवा स्थित मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यहां आयोजित विशेष सभा में नलवा के प्रबंध निदेशक डॉ एसएस राठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बाबूजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विजन को याद किया।

प्रबंध निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि बाबूजी का जीवन सादा जीवन, उच्च विचार



का साक्षात उदाहरण था। उन्होंने न केवल औद्योगिक साम्राज्य खड़ा किया, बल्कि समाज के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। तत्पश्चात ओपी जिंदल विद्यालय तराईमाल में भी कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या अलका गोडबोले द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों ने कतारबद्ध होकर बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबूजी ने शून्य से शिखर तक का सफर अपनी मेहनत और फौलादी इरादों से तय किया, जो आज के युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा है। बाबूजी की स्मृति में विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों ने उनके प्रिय भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी तथा बाबूजी के दिखाए मार्ग पर चलने, शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और समाज सेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## नक्सल हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ जारी अभियान में मिली बड़ी सफलता लगातार सरेंडर एवं प्रभावी कार्रवाई के परिणामस्वरूप बने सकारात्मक माहौल मध्य जिला भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता कार्यालय से कारगिल चौक तक नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च किया। कारगिल चौक में दीप जलाकर नक्सली हमले में शहीद हुए वीर जवानों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा वीर शहीदों बलिदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने भी शहीद जवानों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके अदम्य साहस त्याग और बलिदान को नमन किया। महामंत्री विकास केडिया ने देश को नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री गृह मंत्री विजय शर्मा के प्रति हृदय से



आभार जताया। उपाध्यक्ष विलिस गुप्ता ने कहा भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए नक्सल वाद सबसे बड़ी चुनौती थी। आज इस आतंक से मां भारती को मुक्ति हो गई । 30 मार्च वास्तव में भारत को नक्सल वाद की गुलामी से आतंरिक आजादी मिली है। वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुपाल भल्ला ने कहा मोदीजी के एक और बड़े स्वप्न विकसित भारत की यात्रा भी विकसित छत्तीसगढ़ के रास्ते से ही पूरी होगी।

## जिले में नवा तरिया आय के जरिया अभियान की शुरुआत, जल संरक्षण के साथ रोजगार

**जिले के 28 क्लस्टरों में नए मॉडल तालाबों का होगा निर्माण**

**रायगढ़।** राज्य शासन के "मोर गांव, मोर पानी अभियान के अंतर्गत के मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत रायगढ़ जिले में एक नई और महत्वाकांक्षी पहल नवा तरिया, आय के जरिया प्रोजेक्ट की शुरुआत की जा रही है। जिला पंचायत द्वारा मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के समन्वय से इस योजना को नए वित्तीय वर्ष से जिले के सभी 7 विकासखंडों में लागू करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

योजना के तहत जिले के 28 क्लस्टर लेवल फेडरेशन सीएलएफ में कम से कम एक-एक मॉडल तालाब का निर्माण किया जाएगा। इन तालाबों को वैज्ञानिक तरीके से विकसित करने के लिए "रिज टू वैली" कॉन्सेप्ट अपनाया जा रहा है, जिसमें ऐप और युक्तधारा पोर्टल की मदद से स्थल चयन और योजना निर्माण किया जा रहा है। इससे कार्यों



में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी, साथ ही भू-जल स्तर में सुधार की दिशा में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी। इस योजना की सबसे खास बात यह है कि तालाबों का निर्माण मनरेगा के तहत किया जाएगा, लेकिन उनका उपयोग और प्रबंधन महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपा जाएगा। नवा तरिया, आय के जरिया थीम के अनुरूप इन तालाबों में मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन और अन्य जल आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में सीएलएफ से जुड़ी महिलाओं को तकनीकी जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें इस अभियान का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से यह योजना न केवल जल संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती देगी।

## देवलसुरा के विष्णु बने सब इंस्पेक्टर सरपंच ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर तहसील क्षेत्र का अत्यंत सहज और सरल ग्राम देवलसुरा के निवासी विष्णुदेव डनसेना का सब इंस्पेक्टर में चयन हुआ है जिसे लेकर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और जब विष्णुदेव डनसेना पहली बार अपने निवास ग्राम वर्दी में आए तो यहां के सरपंच युवा कृष्ण कन्हैया डनसेना एवं समिति के लोगों ने उनका भव्य अगुवाई ढोल नंगाडे और आतिशबाजी के साथ की। जानकारी के मुताबिक उक्त ग्राम से कोई पुलिस विभाग में नहीं था जो अब पूरा हो गया।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिज़र्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट:-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 13 अप्रैल 2026 से शुरू होने की संभावना है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते है, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त